www.dbrau.ac.in
www.sjnpkm.org

05744-242163
244250

श्रीमती शारदा जौहरी नगर पालिका कन्या महाविद्यालय

कासगंज

डॉ0 भीमराव अम्बेदकर विश्वविद्यालय, आगरा से सम्बद्ध

PROSPECTUS

PROSPECTUS

विवरणिका

2021 - 22

मूल्य आवेदन पत्र सहित
₹ 250/-

रजिस्टर्ड डाक से
₹ 275/-

सरस्वती वन्दना

सरस्वती वंदना

माँ शारदे, माँ शारदे, माँ शारदे, माँ शारदे .....
दुःख की घड़ी काली निशा, तम में पड़ी चारों दिशा ।
बाती बुझी अंधी शिखा, फिर स्नेह से उजियार दे।। माँ शारदे .....
ये तार हैं हारे हुये, स्वर मौन मन मारे हुये।
इस बीन में संगीत की, फिर से सहज झनकार दे ।। माँ शारदे .....
जो था जुड़ा बिछुड़ा हुआ, श्री हीन सब उजड़ा हुआ ।
देवी दया की कोर से, उसको नया श्रृंगार दे।। माँ शारदे .....
सब एक हों, सब नेक हों, शुचि प्रेम का अभिषेक हो ।
जो नेम का, वो क्षेम का, वह प्यार का संसार दे ।। माँ शारदे .....

प्रबन्धक की कलम से

विदुषी अध्यापिका, कुशल संस्थापिका, सरल हृदया डा0 शारदा जौहरी के अथक प्रयासों से सन् 1973 से अनवरत संचालित शहर के प्रतिष्ठित महाविद्यालय श्रीमती शारदा जौहरी नगर पालिका कन्या महाविद्यालय में नवीन सत्र में प्रवेश हेतु हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

यह महाविद्यालय कासगंज जनपद में छात्राओं की गुणवत्ता परक उच्च शिक्षा का एकमात्र स्त्रोत है। अतः आशा है आप इसकी महत्ता को दृष्टिगत् रखते हुए इसे अनेकानेक ऊँचाइयों तक पहुँचाएंगे। पुनः शुभकामनाएं।

श्रीमती रजनी साहू
प्रबन्धक
श्रीमती शा० जौ० न० पा० क०
महाविद्यालय, कासगंज

नगर पालिका परिषद कासगंज बोर्ड के समस्त सम्मानित सदस्य, नामित सदस्य, पदेन सदस्य व अध्यक्ष

1.	श्रीमती रजनी साहू जी	मा0 अध्यक्ष
2.	श्री राजवीर सिंह साहू जी	अध्यक्ष प्रतिनिधि
3.	मा0 श्री राजवीर सिंह उर्फ राजू भईया जी	मा0 सांसद
4.	मा0 श्री देवेन्द्र सिंह राजपूत	मा0 सदर विधायक
5.	श्री सुनील कुमार जी	सभासद
6.	श्रीमती दर्शन देवी जी	सभासद
7.	श्रीमती विरमा देवी जी	सभासद
8.	श्री संजीत कुमार जी	सभासद
9.	श्री कालीचरन जी	सभासद
10.	श्री नेत्रपाल जी	सभासद
11.	श्री पुष्पेन्द्र सोनी जी	सभासद
12.	श्रीमती गुड्डो देवी धनगर जी	सभासद
13.	श्रीमती सोनवती उर्फ सोनवती जी	सभासद
14.	श्रीमती सईदाबानो जी	सभासद
15.	श्री जयन्त शिवा जी	सभासद
16.	श्रीमती शिवानी जी	सभासद
17.	श्री अमित वर्मा जी	सभासद
18.	श्रीमती हेमलता जी	सभासद
19.	श्रीमती कमलेश देवी जी	सभासद
20.	श्रीमती अंजली जी	सभासद
21.	श्री हृदेश कुमार जी	सभासद
22.	श्री अनुराग बिन्दल जी	सभासद
23.	श्रीमती सुषमा उर्फ सुषमा देवी जी	सभासद
24.	श्रीमती सुमन पालीवाल जी	सभासद
25.	श्री मनोज कुमार जी	सभासद
26.	श्री मु0 उवेश जी	सभासद
27.	श्री मनमोहन जी	सभासद
28.	श्री सगीर अहमद जी	सभासद
29	श्री मु0 शाहिद जी	सभासद
30.	श्री अभिषेक माहेश्वरी जी	नामित सभासद
31.	श्री दुर्गेश कुमार जी	नामित सभासद
32.	श्री संजय पुण्ढीर जी	नामित सभासद
33.	श्री द्वारिका प्रसाद माहौर जी	नामित सभासद
34.	श्रीमती वंदना साहू जी	नामित सभासद

प्राचार्या की कलम से

नगर के प्रतिष्ठित श्रीमती शारदा जौहरी नगर पालिका कन्या महाविद्यालय, कासगंज में प्रवेश लेने हेतु तत्पर सभी छात्राओं को हार्दिक बधाई एवम् शुभकामनाएं तथा आप सभी के वर्तमान एवम् उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशा है कि आप महाविद्यालय का अभिन्न अंग बनकर इसकी कीर्ति को चहुँ ओर फैलाएंगे।

उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, कठोर अनुशासन, सुयोग्य, सुशिक्षित गुरूजनों का संरक्षण शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम, उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम, एन.एस.एस. व एन.सी.सी. आदि गतिविधियों द्वारा महाविद्यालय सदा प्रगति पथ पर अग्रसर होता रहा है। आपसे आशा है कि आप महाविद्यालय में प्रवेश लेकर माता-पिता की आकांक्षाओं एवम् गुरुजनों की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे।

ले0 भावना टिम्मल
प्राचार्या
श्रीमती शा० जौ० न० पा० क०
महाविद्यालय, कासगंज

डा0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

शैक्षिक कलैण्डर सत्र 2021–2022

		विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित तिथियाँ	शासन द्वारा प्रस्तावित तिथियाँ
1.	Web Registration स्नातक प्रथम वर्ष (प्रवेश परीक्षाओं को छोड़कर)	30 जुलाई, 2021 से	
2.	(a) (i) महाविद्यालयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष के पंजीकरण प्रारम्भ होने की तिथि	26 जुलाई, 2021 से	
	(ii) महाविद्यालयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष के पंजीकरण की अन्तिम तिथि	21 अगस्त, 2021	
	(iii) महाविद्यालयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष के प्रवेश की अन्तिम तिथि	04 सितम्बर, 2021	
	(b) स्नातक द्वितीय, तृतीय वर्ष में स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष के लिए प्रवेश की अन्तिम तिथि।	04 सितम्बर, 2021	
3.	(i) स्नातक द्वितीय, तृतीय वर्ष, एवम् सैमिस्टर पाठ्यक्रमों के तृतीय/पंचम/सप्तम सैमिस्टर में शिक्षण कार्य प्रारम्भ होने की तिथि की तिथि	02 अगस्त, 2021	
	(ii) स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष एवम् सैमिस्टर पाठ्यक्रमों के तृतीय/पंचम सैमिस्टर में शिक्षण कार्य प्रारम्भ करने की तिथि	03 अगस्त, 2021	
4.	स्नातक तथा स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में शिक्षण कार्य प्रारम्भ करने की तिथि	03 अगस्त, 2021	
5.	महाविद्यालयों में (स्नातक प्रथम वर्ष के समस्त विद्यार्थियों) द्वारा नामांकन शुल्क, क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम शुल्क सहित विश्वविद्यालय में नामांकन आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि	*	
6.	(i) स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं के परीक्षाफार्म भरने की अन्तिम तिथि (ii) सैमिस्टर पाठ्यक्रमों के परीक्षाफार्म भरने की अन्तिम तिथि	14 नवम्बर, 2021	
7.	पुन: परीक्षा की तिथि	सितम्बर मध्य, 2021	
8.	व्यक्तिगत परीक्षाओं के परीक्षाफार्म नवम्बर, 2021 में भरवाया जायेगा	*	
9.	विषय (ODD) सैमिस्टर परीक्षायें	जनवरी 2022 का दूसरा सप्ताह	
10.	सम (EVEN) सैमिस्टर परीक्षायें	मई 2022 का दूसरा सप्ताह	
11.	वार्षिक प्रयोगात्मक परीक्षा मार्च, 2022 के प्रथम सप्ताह से अप्रैल, 2022 के प्रथम सप्ताह तक सम्पन्न होगी		
12.	परीक्षाफल 31 अगस्त, 2022 तक घोषित होगा		
13.	ग्रीष्मकाल अवकाश शासनादेशानुसार होगा		

विश्वविद्यालय के आदेशानुसार

* शासन के निर्देशों तथा परिस्थितियों के अनुसार परिवर्तन सम्भव है।

कुलसचिव

श्रीमती शारदा जौहरी नगर पालिका कन्या महाविद्यालय

कासगंज

परिचय

विरल चेतन के मर्मज्ञ महामना स्वर्गीय श्री बालकृष्ण राव ने 1973 में महाविद्यालय का उद्घाटन किया। काव्य मनीषी तत्कालीन कुलपति श्रद्धेय राव साहब ने महाविद्यालय के उद्घाटन समारोह के अवसर पर महाविद्यालय आगमन पर प्रसन्नता व तृप्ति का अनुभव किया। उन्होंने भाषण में कहा ''मैं आशा और विश्वास करता हूँ कि यह महाविद्यालय आप लोगों की निष्ठा, लगन, कार्य करने की अदम्य शक्ति के बल पर दिनोदिन उन्नति करता जायेगा। उसके कुलपति पद पर कोई भी व्यक्ति आसीन क्यों न हो, इतनी बड़ी निष्ठा और लगन के सामने विनयावनत् होकर आपके महाविद्यालय की सेवा करने के लिये संकल्प करेगा।'' राव साहब के सन्देश को आत्मसात् कर लोक मांगल्य के शिखर से बहने वाली ज्ञान गंगा इस महाविद्यालय की प्रतीक है।

प्रारम्भ से ही महाविद्यालय का परीक्षाफल लगभग शत–प्रतिशत रहता है । विगत अनेक वर्षों से महाविद्यालय की छात्राओं ने विश्वविद्यालय में सम्मानित हो महाविद्यालय और शहर का गौरव बढ़ाया है। स्नातक स्तर पर महाविद्यालय में हिन्दी सामान्य, हिन्दी साहित्य, सामान्य अंग्रेजी, अंग्रेजी साहित्य, संस्कृत, सामान्य संस्कृत, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्र, राजनीति विज्ञान, गृहविज्ञान, संगीत गायन तथा संगीत वादन (तबला–सितार),शारीरिक शिक्षा आदि विषयों का अध्ययन होता है।

जहाँ तक स्नातकोत्तर शिक्षा का प्रश्न है, महाविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत एम.ए. संगीत (तबला), हिन्दी, अंग्रेजी, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र एवं संस्कृत विषय का अध्ययन होता है। प्रारम्भ से ही महाविद्यालय विभिन्न सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों का केन्द्र है तथा छात्राओं की चारित्रिक सर्वांगीण उन्नति ही संस्था का उद्देश्य है ।

इस महाविद्यालय की प्रथम संस्थापक प्राचार्या डॉ0 (श्रीमती) शारदा जौहरी जी के अथक प्रयासों के फलस्वरूप ही महाविद्यालय का अस्तित्व सामने आया है। महाविद्यालय के प्रत्येक कार्य एवं क्षेत्र पर उनकी सुस्पष्ट छाया प्रतिबिम्बित होती है। उनकी इसी लगन, कर्मठता एवं असीम निष्ठा के कारण ही महामहिम राज्यपाल महोदय ने नगर पालिका परिषद द्वारा पारित प्रस्ताव को सहर्ष स्वीकार करते हुए महाविद्यालय का नाम उनके नाम पर 'श्रीमती शारदा जौहरी नगरपालिका कन्या महाविद्यालय, कासगंज के रूप में परिवर्तन की सहर्ष स्वीकृति प्रदान कर दी।

वर्तमान में ले0 भावना टिम्मल प्राचार्या पद पर पूर्ण कर्मठता एवं मनोयोग से कुशलतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं । समस्त महाविद्यालय परिवार आपके कुशल निर्देशन में कार्य करते हुये महाविद्यालय के सत्त विकास में सहभागी बनकर गर्व का अनुभव कर रहा है ।

सोवियत नेहरु पुरुस्कार विजेता जन कवि केदारनाथ अग्रवाल के महाविद्यालय के सम्बन्ध में विचार

आज दिनांक 15 अप्रैल सन् 74 को मैंने नगर पालिका कन्या महाविद्यालय को देखा। श्रीमती शारदा जौहरी प्रिंसिपल ने मुझे यहाँ बुलाकर यह सुअवसर प्रदान किया मेरी आंखो ने महाविद्यालय ही नहीं, मानवीय चेतना का महामन्दिर देखा। मैं इसके निर्माण में लगी दृढ़ आस्था के परम सौम्य एवं भव्य रुप से अभिभूत हो गया। स्वच्छता, निर्मलता और विशदता का यह मनोहारी प्रतीक आँखो से होकर मेरे अन्त :स्थल में बैठता ही चला गया। इससे मुझे हृदय–हृदय की धड़कनें सुनाई देने लगीं, स्वप्न की अनन्त भाव भंगिमायें इसके प्रकोष्ठ से मुखर होती रहीं। मैं शुद्ध सात्विक मन से कामना करता हूँ कि महाविद्यालय उत्तरोत्तर विद्या बुद्धि और विवेक के चरित्रमय चित्र प्रत्येक के जीवन में साकार करता चले। काश! मैं भी इस महाविद्यालय की नींव की एक ईंट होता।

केदारनाथ अग्रवाल

25.4.74

आचार्य श्री क्षेमचन्द्र सुमन के महाविद्यालय के सम्बन्ध में विचार

आज मुझे नगर पालिका कन्या महाविद्यालय, में आकर यहाँ की कन्याओं को उद्‌बोधित करने और इसकी प्राध्यापिकाओं के बीच कुछ देर रहने का सुअवसर मिला। यहाँ के समस्त वातावरण की गरिमामयी आभा से मन प्राण पुलकित हो गये। मानस तरंगणी के सभाकक्ष को देखकर तो आँखें धन्य हो गयी। इन सब उदात्तता और महिमामयी साँस्कृतिकता के पीछे इस विद्यालय की प्राचार्या डा० श्रीमती शारदा जौहरी की अथक लगन, अपूर्व कार्यनिष्ठा और सतत साधना का उज्ज्वल आलोक बिखरा नजर आया। इसी आलोक की प्रेरणा महाविद्यालय के सारे कार्यकर्ताओं की मार्गदर्शिका है।

मैं अखिल भारत के प्राय: अनेक विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में अपनी साहित्य शोध यात्रा के प्रसंगों में गया हूँ। मुझे यह लिखने में तनिक संकोच नही कि नगर पालिका कन्या महाविद्यालय का वातावरण उन सबसे अलग दिखाई दिया। यहाँ आकर ही मुझे यह आभास हुआ कि मैं एक पावन विद्यामन्दिर में आया हूँ। शिक्षा के अतिरिक्त छात्राओं के जीवन को सांस्कृतिक आधार प्रदान करना भी किसी शिक्षा संस्थान का लक्ष्य होना चाहिए। सौभाग्यवश सारा ही वातावरण इस भावना से आलोकित दृष्टिगत हुआ। मैं इस संस्थान के उत्तरोत्तर उत्कर्ष का अभिलाषी हूँ।

क्षेमचन्द्र सुमन

17 अक्टूबर 1981

डा. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय)

प्रवेश समिति की बैठक दिनांक : 30.06.2020 द्वारा अनुमोदित

प्रवेश नियमावली सत्र : 2021–2022

यह नियम विश्वविद्यालय अधिनियम परिनयम तथा अध्यादेशों के अधीन ही मान्य होगें तथा आवासीय संस्थान एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में कला, विज्ञान, वाणिज्य, कृषि, गृह विज्ञान, प्रबन्धन, लाइफ सांईसेज, इंजीनियरिंग तथा विधि संकायों की कक्षाओं में प्रवेश के लिए लागू होगें। प्रवेश उन्हीं पाठ्यक्रमों/विषयों में दिया जायेगा। जिसकी सम्बद्धता विशविद्यालय एवम् उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ तथा महामहिम कुलाधिपति महोदया से प्राप्त है और उनका प्राविधान विश्वविद्यालय की प्रथम परिनियमावली में विद्यमान तथा विश्वविद्यालय से प्रवेश की अनुमति प्राप्त कर ली गयी है।

आवश्यक निर्देश

1. वैश्विक महामारी कोविड-19 को ध्यान में रखते हुये महाविद्यालयों में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियमावली के आधार पर समस्त कक्षाओं में प्रवेश मेरिट के आधार पर किये जायेगें।
2. ऐसे पाठ्यक्रम जिनकी अनापत्ति/सम्बद्धता विभिन्न Bodies द्वारा जारी की जाती है, उनमें प्रवेश उनकी गाइडलाइंस के अनुसार किया जायेगा।
3. सत्र 2021-22 में विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश Admission Monitoring System (प्रवेश अनुश्रवण प्रमाणी) के माध्यम से किये जायेंगे, इस सरल प्रणाली के अर्न्तगत अभ्यर्थी पाँच चरणों क्रमशः (1) पंजीयन (2) वेब रजिस्ट्रेशन (3) फार्म भरना (4) पाठ्यक्रम चुनना (5) फार्म प्रिंट Online माध्यम से पूर्ण करके छठे चरण में जिस आवासीय संस्थान/महाविद्यालय को चुनना चाहता है। वह वहाँ प्रवेश के लिए रिपोर्ट करेगा। इस ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अभ्यर्थी अपनी योग्यतानुसार कितने भी पाठ्यक्रमों का चयन कर सकता है। जिसके लिए उसे कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं भरना होगा। सभी आवासीय संस्थान/सम्बद्ध महाविद्यालय प्रवेश प्रक्रिया के लिए स्वतंत्र है, परन्तु वह केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को प्रवेश दे सकेगें जो Admission Monitoring System की निर्धारित प्रक्रिया को पूर्ण करेगें। इस सम्बन्ध में आवासीय संस्थान/सम्बद्ध महाविद्यालयों को जारी दिशा-निर्देश विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर उपलब्ध है।
4. महाविद्यालय द्वारा प्रवेश प्रक्रिया विश्वविद्यालय की वेबसाइट ww.dbrau.org.in के पोर्टल के माध्यम से पूर्ण की जायेगी।
5. महाविद्यालय, प्रवेशार्थी के लिए प्रवेश से सम्बन्धित समस्त सूचनायें वेबसाइट पर उपलब्ध है।

6. **Admission Monitoring System** शुल्क निर्धारण के लिए प्रवेश समिति द्वारा कुलपति जी को अधिकृत किया गया। कुलपति जी ने कोविड-19 महामारी और कारण गहराये आर्थिक संकट तथा छात्र-छात्राओं के हितों को ध्यान में रखते हुये यह निर्णय लिया कि **Admission Monitoring System** की सम्पूर्ण प्रक्रिया के लिए अथ्यर्थी से स्नातक स्तर पर 100/- रू० तथा परास्नातक स्तर पर 200/- रू० शुल्क वेब रजिस्ट्रेशन के रूप में लिया जायेगा।

सामान्य निर्देश

1. (अ) प्रत्येक महाविद्यालय अपनी पुस्तिका ''प्रोस्पेक्ट्स'' तैयार करायेगा, निर्धारित शुल्कों तथा महाविद्यालय सम्बन्धी आवश्यक सूचनाओं का विवरण होगा तथा सभी कक्षाओं के लिए एक ही विवरण पुस्तिका होगी। सभी पाठ्यक्रम इस पुस्तिका में सम्मिलित किये जायेगें तथा विवरण पुस्तिका का अधिकतम मूल्य 250/- रूपये नकद आगामी सत्र 2021-22 के लिए रखा जायेगा।

(ब) विवरण पुस्तिका में सत्र 2021-22 के लिए प्रत्येक कक्षा में निर्धारित सामान्य व आरक्षित सीटों का विवरण प्रकाशित करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक कक्षा में शासनादेश के अनुसार 21 प्रतिशत स्थान अनुसूचित जातियों, 2 प्रतिशत अनुसूचित जनजातियों, 27 प्रतिशत स्थान पिछड़ी जातियों, तथा 4 प्रतिशत स्थान विकलांगों के लिए (छात्र के स्वयं से सम्बन्धित वर्ग) (कैटेगरी) तथा-श्रवण बाधित, चलन बाधित एवं दृष्टिबाधित के अंतर्गत ही) तथा 10 प्रतिशत ई0डब्ल्यू0एस0 वर्ग के लिए आरक्षित होगें। विकलांगों के लिए जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी का प्रमाण-पत्र ही मान्य होगा। महिला अभ्यर्थियों के लिये प्रत्येक वर्ग में 20 प्रतिशत स्थान सुरक्षित रहेंगे। यदि कश्मीरी छात्रा है तो उसे प्राथमिकता दी जायेगी।

(स) प्रत्येक महाविद्यालय को अपने महाविद्यालय की वेवसाइट तैयार करना अनिवार्य होगा जिस पर इच्छुक अभ्यर्थियों को विवरण पुस्तिका उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। विवरण पुस्तिका में विश्वविद्यालय की वेवसाइट तथा महाविद्यालय की वेवसाइट का उल्लेख करना आवश्यक होगा। प्रवेश प्रक्रिया हेतु प्रत्येक महाविद्यालय को निर्देशित किया जाता है कि वह एक कम्प्यूटर ऑपरेटर को इस कार्य के लिए अधिकृत करें तथा उसका नाम एवं मोबाइल नम्बर विश्वविद्यालय को प्रेषित करें। इसके अतिरिक्त महाविद्यालयों में इण्टरनेट एवं कम्प्यूटर की व्यवस्था आवश्यक है।

(द) यदि कोई विद्यार्थी किसी महाविद्यालय में प्रथम वरीयता में प्रवेश पा जाता है, प्रवेशोपरात यदि किसी दूसरे महाविद्यालय में प्रवेश पा जाता है और उस महाविद्यालय में प्रवेश लेने का इच्छुक है, तो ऐसी स्थिति में छात्र के द्वारा पूर्व में लिये गये प्रवेश को प्रार्थना पत्र देकर रद्द कराना होगा तथा महाविद्यालय द्वारा उसे केवल 90 प्रतिशत शुल्क ही वापिस किया जायेगा। शुल्क वापिसी की प्रक्रिया 02 माह के अन्दर सम्पन्न करनी होगी।

2. (अ) सत्र 2021-22 के लिए सभी संकायों में प्रथम वर्ष/सैमिस्टर में ही प्रवेश दिये जायेगें तथा प्रवेश शुल्क के साथ 200/- रू0 उपाधि शुल्क भी छात्र द्वारा देय होगा।

(ब) एल0एल0एम0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु विधि स्नातक सामान्य श्रेणी एवम् अन्य पिछडा वर्ग के छात्रों द्वारा 55 प्रतिशत अंकों एवम् अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों द्वारा 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण किया गया हो।

(स) (i) एल0एल0बी0 पंचवर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु किसी भी वर्ग में 10+2 (इण्टरमीडिएट) सामान्य श्रेणीके छात्रों के लिए 45 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग 42 प्रतिशत एवम् अनुसूचित जाति के छात्रों द्वारा 40 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण किया गया हो।

(ii) यदि किसी छात्र द्वारा हाईस्कूल के पश्चात् 03 वर्ष का प्रोद्योगिकी में डिप्लोमा अथवा इसके समतुल्य कोई और डिप्लोमा किया गया हो, जिसे इण्टरमीडिएट के समकक्ष माना जाये। ऐसे छात्रों को बी0ए0एल0एल0बी0 में न्यूनतम अर्हता के समतुल्य माना जायेगा।

(iii) एल0एल0बी0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु किसी भी वर्ग में स्नातक सामान्य श्रेणी के छात्रों द्वारा 45 प्रतिशत, अन्य पिछडा वर्ग 42 प्रतिशत एवम् अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों द्वारा 40 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण किया गया हो।

(द) बी0पी0एड0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु द्वारा किसी भी वर्ग में स्नातक 45 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण किया गया हो तथा राज्य स्तरीय खेलकूद प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया हो अथवा बी0पी0ई0एस0 45 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण किया गया हो।

(य) एम0ए0 में प्रवेश हेतु छात्रों द्वारा किसी भी विषय के साथ स्नातक सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया गया हो, परन्तु परास्नातक के प्रयोगात्मक एवम् साहित्यिक विषय में प्रवेश हेतु छात्र अथवा छात्रा द्वारा स्नातक स्तर पर वह विषय अन्य विषयों के साथ एक विषय के रूप में पढ़ा गया होना अनिवार्य है।

(२) एम0एस0सी0 (कम्प्यूटर साइंस) में प्रवेश हेतु निम्न विषयों के साथ स्नातक किया जाना अनिवार्य होगा **PCM/Statistic/Computer Science/ I.T./B.E./B.Tech. & BCA** उपरोक्त विषयों में स्नातक सामान्य एवम् अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों द्वारा **50%** अंकों के साथ उत्तीर्ण किया गया हो तथा अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों के लिए **5%**की छूट मान्य होगी।

(ल) एम0एस0सी0 (एग्रीकल्चर) ऐसे छात्र/छात्राओं जिन्होन बी0एस0सी0 (एग्रीकल्चर) में ऑनर्स किया है, वह एम0एस0सी0 (एग्रीकल्चर) के किसी भी विषय में प्रवेश के लिए अर्ह होगें, परन्तु जिन छात्रों द्वारा बी0एस0सी0 (एग्रीकल्चर) किसी विशेष विषय के साथ किया गया हो, ये छात्र उसी विषय के लिए एम0एस0सी0 (एग्रीकल्चर) में आवेदन हेतु अर्ह होगें।

उपरोक्त परिस्थितियों में छात्रों द्वारा न्यूनतम पूर्णक प्रतिशत **45%** होना चाहिए तथा सम्बन्धित विषय में न्यूनतम **50%** अंक होना अनिवार्य है तथा अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए **5%** की छूट अनुमन्य होगी।

(ब) एम0कॉम0 में प्रवेश हेतु बी0कॉम0 त्रिवर्षीय उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

(श) सभी संकायों की स्नातक कक्षाओं में प्रथम वर्ष के लिए आवेदन-पत्रों के पंजीकरण की अन्तिम तिथि 31 अगस्त 2021 होगी। ऐसे अभ्यर्थी जिनका परीक्षाफल घोषित रोका गया हो, वह कक्षा में स्थान उपलब्ध होने की दशा में परीक्षाफल घोषित होने के 15 दिन बाद तक प्रवेश ले सकेगें।

- महाविद्यालय खुलने के तिथि : शासनादेश के अनुसार
- स्नातक प्रथम वर्ष में (सभी संकाय) के प्रथम वर्ष में पंजीकरण की अन्तिम तिथि : 13 अगस्त 2021
- स्नातक सभी संकाय के प्रथम वर्ष में पंजीकरण की अन्तिम तिथि : 31 अगस्त 2021
- स्नातक प्रथम वर्ष कक्षाओं में पठन-पाठन प्रारम्भ करने की तिथि : 06 सितम्बर 2021
  स्नातक द्वितीय, तृतीय एवं स्नातकोत्तर एवं विधि त्रिवर्षीय : 06 सितम्बर 2021
  प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष पंजीकरण/प्रवेश की अन्तिम तिथि
- स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष के पठन-पाठन प्रारम्भ करने की तिथि : 09 सितम्बर 2021

उक्त तिथियाँ शासनादेश के अधीन होगी। छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे समय-समय पर विश्वविद्यालय की वेबसाइट को देखते रहें।

3. (अ) किसी कक्षा में अनुत्तीर्ण छात्र पुनः संस्थागत छात्र के रूप में प्रवेश हेतु वर्जित रहेगें। ये छात्र भूतपूर्व छात्र के रूप में परीक्षा में सम्मिलित हो सकगें।

(ब) महाविद्यालय के स्नातक/स्नातकोत्तर कक्षाओं के द्वितीय/तृतीय/चतुर्थ वर्ष में सम्बन्धित पिछले वर्ष की कक्षाओं में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को प्रवेश मिलेगा, यदि उनका प्रवेश किसी अन्य नियमों के अन्तर्गत प्रतिबन्धित न हों।

(स) स्नातक एवं स्नातकोत्तर के ऐसे छात्र जिन्होंने स्नातक प्रथम अथवा द्वितीय वर्ष पूर्ण कर लिया है एवं परास्नातक स्तर पर पूर्वार्द्ध उत्तीर्ण कर लिया है, यदि किसी करणोंवश आगामी वर्ष की परीक्षा व्यक्तिगत छात्र के रूप में देना चाहते है एवं उनके पास कोई प्रयोगात्मक विषय नही है तथा अन्तराल के नियमों के अन्तर्गत आते है, वे समस्त छात्र व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा में शामिल हो सकते है।

(द) यदि छात्र/छात्रा कला, वाणिज्य, विज्ञान, कृषि तथा विधि स्नातक/स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के इच्छुक है और उसकी अर्हता परीक्षा में दो वर्षो से अधिक का अन्तराल है तो ऐसी दशा में आवासीय पाठ्यक्रमों के निदेशक/विभागाध्यक्ष तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य को यह अधिकार होगा कि वह प्रवेश कर सकते है परन्तु उन्हें छात्र/छात्रा से यह शपथ-पत्र लेना अनिवार्य होगा कि उन्हें:

- किसी शिक्षा संस्थान में अनुशासनहीनता का दोषी नहीं पाया गया है।
- किसी भी न्यायालय में नैतिक अपराध में दण्डित न हुआ हो।
- किसी भी अन्य पाठ्यक्रम में अध्ययनरत् न हो।
- कहीं सेवारत न हों

ऐस विद्यार्थियों के प्रवेश में विभागाध्यक्ष/प्राचार्य का निर्णय अन्तिम होगा।

(य) स्नातकोत्तर उपाधि के धारक व्यवसायिक पाठ्यक्रम के अतिरिक्त किसी अन्य विषय से स्नातकोत्तर परीक्षा के लिए संस्थागत छात्र के रूप में प्रवेश नही ले सकेगें।

4. नियमानुसार एल0एल0बी0 06 वर्ष, बी0ए0एल0एल0बी0 08 वर्ष, स्नातक कृषि अधिकतम 07 वर्ष, कला, विज्ञान एवं वाणिज्य 06 वर्ष परास्नातक अधिकतम 05 वर्ष में पूर्ण करना अनिवार्य होगा अथवा नई शिक्षा नीति के निर्देशानुसार होगा। अन्तराल को दृष्टिगत रखते हुये प्रवेश का निर्णय महाविद्यालयों के प्राचार्यो द्वारा लिया जायेगा तथा किसी भी छात्र को विश्वविद्यालय से अनुमति प्राप्त करने के लिए नही भेजा जायेगा।

5. प्राचार्य को प्रवेश के मामले में डा0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय आगरा का विवरण पुस्तिका के अध्याय-19 के नीचे उद्धृत अध्यादेश-2 के अनुसार कर्तव्य और अधिकार होगें :-

"Subject to order issued under sub-section (4) of section 28 of the act, the principal shall be the sole authority to admit or refuse to admit any applicant to any class in his/her college. He Shall However, duly and strictly, follow the norms and principles, if any laid down by the University and such other directions as may be given to him from time to time by the University, Provided that the Principal may, at his discretion refuse to admit a candidate even if he is entitled for admission according to norms and principles laid down by the University and shall report all such cases to the admission committee forthwith"

स्पष्टीकरण : उदाहरणार्थ निम्नलिखित परिस्थितियों में प्रवेश देने से इंकार किया जा सकता हैं।

1. यदि अभ्यर्थी किसी शिक्षा संस्थान में अनुशासनहीनता के आरोप में दोषी पाया गया हो।
2. यदि अभ्यर्थी किसी भी न्यायालय द्वारा नैतिक अपराध में दण्डित किया गया हो या शासन द्वारा किसी अपराध में पंजीकृत किया गया हो और न्यायालय में निर्णय के लिए विचाराधीन हो।

6. (अ) <u>स्नातक कक्षाओं में प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए अर्हता निम्न प्रकार होगी :-</u>

(1) बी०एस०सी० (फिजीकल सांइस) के लिए इण्टरमीडिएट गणित या समकक्ष मान्यता प्राप्त परीक्षा में उत्तीर्ण।

(2) बी०एस०सी० (लाइफ सांइस) के लिए इण्टरमीडिएट वॉयोलोजी ग्रुप या इण्टर कृषि परीक्षा में उत्तीर्ण

(3) बी०एस०सी० (कृषि) के लिए कला को छोड़कर इण्टरमीडिएट के किसी भी ग्रुप की परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

(4) बी०एस०सी० (गृह विज्ञान) में प्रवेश हेतु इण्टरमीडिएट कला, विज्ञान एवं वाणिज्य में से किसी भी ग्रुप की परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

(5) बी०ए०/बी०कॉम० के लिए इण्टरमीडिएट के किसी भी ग्रुप की परीक्षा उत्तीर्ण की हो।

(6) सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ सैकेडरी ऐजुकेशन द्वारा निम्न व्यावसायिक शैक्षिक अर्हता संरचना पाठ्यक्रम को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निदेशानुसार स्नातक स्तर पर विषय के रूप में मान्यता प्रदान की गई कृपया ऐसे छात्रों को प्रवेश किया जाये।

(List of Career Oriented Vocational Courses offered by the CBSE at Senior Secondary Level Along with revised shceme of studies)

(ब) कृषि/विज्ञान संकाय की स्नातकोत्तर कक्षाओं के प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए बी०एस-सी० (कृषि)/बी०एस-सी० परीक्षा में उत्तीर्ण किन्तु स्नातक परीक्षा में 45 प्रतिशत अंक तथा सम्बन्धित विषय में 50 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है, किन्तु अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों को 5 प्रतिशत की छूट अनुमन्य होगी। उ० प्र० बोर्ड/समकक्ष बोर्ड द्वारा यदि ग्रेड दिया जाता है तो ग्रेड पाईंट/मार्क्स होना प्रवेश अर्हता के लिये मान्य होगें।

(स) *स्नातक/स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रथम वर्ष में प्रवेश निम्न प्रकार किये जायेगें :-*

(i) उत्तर प्रदेश की भौगालिक सीमाओं में स्थित जनपदों के इण्टरमीडियट कालेजों से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को 70 प्रतिशत स्थानों पर प्रवेश दिया जायेगा।

(ii) शेष 30 प्रतिशत स्थानों पर अन्य संस्थाओं से आने वाले छात्रों को प्रवेश दिया जायेगा, जिनमें 05 प्रतिशत विदेशी छात्र/छात्रा भी सम्मिलित है, यदि उनकी योग्यतांक ऊपर के भाग (1) के अभ्यर्थियों से अधिक हो।

(iii) शासनादेश संख्या जी०आई० 35/सत्तर-1-2000 दिनांक 23 सितम्बर, 2000 के अन्तर्गत कश्मीर के विस्थापित छात्र-छात्राओं को दो स्थानों में प्रवेश दिया जायेगा।

(iv) क्रमांक-ii क्रमांक iii में रिक्त स्थानों की पूर्ति क्रमांक-i के अभ्यिर्थियों से योग्यता क्रमानुसार की जायेगी।

(v) विदेशी छात्रों को तभी प्रवेश दिया जायेगा जब उनके पास स्टूडेण्ट बीजा हो तथा भारत सरकार के गृह मंत्रालय एवं प्रदेशीय सरकार के विदेशी रजिस्ट्रेशन विभाग द्वारा स्वीकृत हो तथा कक्षा में प्रवेश की न्यूनतम अर्हता रखते हो। ऐसे समस्त विदेशी छात्रों को जिन्हें सम्बन्धित दूतावास द्वारा संस्तुत किया गया हो, विश्वविद्यालय की एक समिति द्वारा स्क्रीनिंग करने के उपरान्त कुलसचिव के हस्ताक्षरयुक्त अनुमति पत्र दिये जाने पर ही महाविद्यालयों द्वारा प्रवेश दिया जायेगा।

समिति के निम्नलिखित सदस्य होंगे :-

I- अधिष्ठाता छात्र कल्याण।

II- प्रत्येक जिले का वरिष्ठतम प्राचार्य चक्रानुसार।

III- एस०एन० मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य द्वारा नामित-मेडिसन का वरिष्ठ प्राध्यापक।

नोट :- कोई भी महाविद्यालय एवं स्ववित्त पोषित महाविद्यालय बिना विश्वविद्यालय की पूर्व अनुमति के विदेशी छात्रों को प्रवेश "प्रोवीजनल" भी नहीं देगा।

(vi) समय-समय पर दिये गये शासनादेशों में अनुपालन में किसी भी स्नातक/स्नातकोत्तर कक्षाओं में संध्याकालीन कक्षाओं के संचालन की अनुमति नहीं दी गई है। इसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

(vii) समिति का यह भी निर्णय है कि शासन द्वारा समय-समय पर दिये गये निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाये ।

शैक्षणिक अंको की गणना :

7. (क) स्नातक कक्षाएँ :–

1. हाईस्कूल या समकक्ष परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत अंकों का 50 प्रतिशत अंक/ग्रेड दोनों।
2. इण्टरमीडिएट परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत अंकों का 100 प्रतिशत अंक/ग्रेड दोनों।

(ख) स्नातकोत्तर कक्षाएँ :–

1. इण्टरमीडिएट परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत अंकों/ग्रेड का 50 प्रतिशत।
2. स्नातक परीक्षा में प्राप्त प्रतिशत अंकों / ग्रेड का 100 प्रतिशत।

नोट :- (1.) विश्वविद्यालय द्वारा संचालित प्री-यूनीवर्सिटी, प्री-इंजीनियरिंग, प्री-मेडीकल तथा 11+1+3 पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष की परीक्षा हायर सैकेण्डरी बोर्ड की 10+2 परीक्षा भी इण्टरमीडिएट परीक्षा के समकक्ष मान्य है। यदि विद्यार्थी ने हाईस्कूल के स्थान पर हायर सैकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण की हो, तो उसे प्राप्त प्रतिशत अंकों का 50 प्रतिशत गणना के लिए, लिये जायेगें।

अतिरिक्त अंक (अधिकतम 17 अंक)

शैक्षिक योग्यता अंको के साथ निम्नलिखित अंकों, जहाँ अनुमन्य हो, को जोड़कर योग्यता सूची बनेगी, लेकिन प्रतिबन्ध यह है कि अतिरिक्त अंको का कुलयोग 17 अंकों से अधिक नहीं होगा।

(क) स्नातक कक्षाएँ :

1. क्षेत्रीय स्तर की टीम के सदस्य के रुप में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए-
   (क) प्रथम विजेता होने के लिये – 5 अंक।
   (ख) द्वितीय विजेता होने के लिये – 4 अंक।
   (ग) तृतीय विजेता होने के लिये – 3 अंक।
   (घ) प्रतिभाग करने के लिये – 2 अंक
2. एन०सी०सी० "सी" सर्टीफिकेट/जी-2 उत्तीर्ण केडिटों को, 8 अंक
   अथवा
   एन०सी०सी० "बी" सर्टीफिकेट/जी-1 उत्तीर्ण केडिटों को, 6 अंक
   अथवा
   एन०सी०सी० केडिट जिन्होंने 240 घण्टे कार्य किया है और **2** कैम्पों में भाग लिया है, लेकिन कोई परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है। 3 अंक
3. स्वतंत्रता सेनानी के पुत्र/पुत्री (अविवाहित पौत्र/पौत्री) 5 अंक
4. राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों को 5 अंक
5. बी०कॉम० (प्रथम वर्ष) में प्रवेश के लिए योग्यता अंक की गणना करते समय उन प्रवेशार्थियों को 05 अतिरिक्त अंक दिये जायें, जिन्होंने इण्टरमीडिएट या 10+2 की परीक्षा वाणिज्य (गैर वोकेशनल) से उत्तीर्ण की हों।

(ख) स्नातकोत्तर कक्षाएँ :

1. विश्वविद्यालय की टीम के सदस्य के रूप में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए–
   - (क) प्रतियोगिता में प्रथम विजेता होने के लिये – 8 अंक।
   - (ख) प्रतियोगिता में द्वितीय विजेता होने के लिये – 7 अंक।
   - (ग) प्रतियोगिता में तृतीय विजेता होने के लिये – 6 अंक।
   - (घ) प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिये – 3 अंक।

2. विश्वविद्यालय की टीम के सदस्य के रूप में अर्न्तविश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए–
   - (क) प्रतियोगिता में प्रथम विजेता होने के लिये – 5 अंक।
   - (ख) प्रतियोगिता में द्वितीय विजेता होने के लिये – 4 अंक।
   - (ग) प्रतियोगिता में तृतीय विजेता होने के लिये – 3 अंक।
   - (घ) प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिये – 2 अंक।

3. एन०सी०सी० "सी" सर्टीफिकेट/जी–**2** उत्तीर्ण केडिटों को 8 अंक

   अथवा

   एन०सी०सी० "बी" सर्टीफिकेट/जी–1 प्रमाण–पत्र धारक कैडिटों को 6 अंक

   अथवा

   एन०सी०सी० केडिट जिन्होंने 240 घण्टे कार्य किया है और **2** कैम्पों में भाग लिया है, लेकिन कोई परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है। 3 अंक

4. एन० एस० एस० में 240 घण्टें का कार्य तथा कम से कम एक कैम्प पूरा करने के लिए 5 अंक

5. महाविद्यालय स्तर पर रोबर्स रेंजर्स के सदस्य को जिसने एक रैली में विश्वविद्यालय स्तर पर भाग लिया हो। 3 अंक

   अथवा

   महाविद्यालय स्तर पर रोवर्स रेंजर्स के सदस्य को जिसने अन्तर विश्वविद्यालय रैली में भाग लिया हो –
   - (क) प्रथम विजेता होने के लिये – 5 अंक।
   - (ख) द्वितीय विजेता होने के लिये – 4 अंक।
   - (ग) तृतीय विजेता होने के लिये – 3 अंक।
   - (घ) प्रतिभाग करने के लिये – 2 अंक।

नोट :- उपर्युक्त **1** से **5** के सन्दर्भ में शासन के खेलकूद अधिकारी द्वारा दिया हुआ प्रमाण–पत्र अथवा विश्वविद्यालय खेलकूद अधिकारी स्पोर्टस काउन्सिल कमेटी के अध्यक्ष द्वारा प्रति हस्ताक्षरित/एन०सी०सी० अधिकारी/एन०एस०एस० समन्वयक द्वारा निर्गत किया हुआ प्रमाण–पत्र/रोबर्स रेंजर्स के लिए समन्वयक (रोवर्स रेंजर्स) द्वारा निर्गत प्रमाण–पत्र ही मान्य होगा।

(ग) सभी कक्षाएँ :

1. डा० भीमराव अम्बेदकर विश्वविद्यालय और उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों में सेवारत एवं स्ववित्त पोषित संस्थान के विश्वविद्यालय द्वारा अनुमोदित अनुबन्धित प्रवक्ता तथा अवकाश प्राप्त केवल स्थायी/अध्यापकों एवं कर्मचारियों के पति/पत्नी/पुत्री/पुत्र तथा कृषि संकाय में स्थायी परियोजनाओं के स्थायी कर्मचारियों के पति/पत्नी/पुत्र/पुत्री। 17 अंक
2. भारतीय सेना में सेवारत अथवा अवकाश प्राप्त अधिकारियों या अन्य रेंक के केवल पति-पत्नी, पुत्र-पुत्री (अविवाहित) 10 अंक
3. भारतीय सेना/पैरा मिलट्री फोर्स /अर्द्ध सैनिक बल (पुलिस/पी०ए०सी०) में कार्य करते हुए विजय के शहीदों के पुत्र/पुत्री/विधवाओं को प्रवेश में - 17 अंक

टिप्पणी :-

1. प्रत्येक अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र में शैक्षणिक एवं अतिरिक्त अनुमन्य अंको की प्रमाणिकता की घोषणा स्वंय करेगा और यदि यह घोषणा गलत पाई गई तो उसकी पात्रता निरस्त कर दी जायेगी।
2. प्रवेश हेतु वरीयता सूची घोषित होने के बाद अनुमन्य अंकों के प्रमाण-पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें। अन्य कोई अभिलेख बाद में विचारार्थ स्वीकार नहीं किया जायेगा।

नोट :

1- किसी व्यक्ति की सेवानिवृत्ति से पूर्व मृत्यु होने की दशा में इस नियम के अन्तर्गत उसको उस समय तक सेवारत समझा जाये, जब तक सेवा में रहने का अधिकारी था।

2- उपर्युक्त "1" से "3" के सन्दर्भ में शासन के खेलकूद अधिकारी द्वारा दिया हुआ प्रमाण-पत्र अथवा विश्वविद्यालय खेलकूद अधिकारी स्पोटर्स काउन्सिल कमेटी के अध्यक्ष द्वारा प्रति हस्ताक्षरित/एन०सी०सी० अधिकारी/एन०एस०एस० अधिकारियों द्वारा निर्गत किया हुआ प्रमाण-पत्र ही मान्य होगा।

8. (अ) कृषि/विज्ञान संकाय की स्नातकोत्तर कक्षाओं में 5 प्रतिशत स्थान ऐसे अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित होगें, जो सेवारत हो और जिसकी कम से कम 5 वर्ष की नियमित स्थायी सेवा की हो, यदि इनका प्रवेश अन्य नियमों के अन्तर्गत प्रतिबन्धित नहीं हो। ऐसे अभ्यर्थी को नियमित सेवा का प्रमाण पत्र अपने नियोक्ता से लेकर लगाना होगा।

(ब) सामान्यतः स्नातक कक्षा के एक सैक्शन में 60 छात्रों को महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा प्रवेश दिया जायेगा। उसके आगे विशेष परिस्थितियों में 10 सीटें अधिक प्रदान करने का अधिकार कुलपति को होगा, लेकिन इसके लिए प्राचार्य अतिरिक्त स्टाफ की मांग नही करेगें। कक्षा में प्रवेश की कुल संख्या स्वीकृत सैक्शनों की संख्या पर आधारित होगी एवं स्नाताकोत्तर कक्षा में प्रयोगात्मक विषय में 60 एवं गैर प्रयोगात्मक विषय में 80 छात्रों के प्रवेश का अधिकार होगा। उपरोक्त के सम्बन्ध में कुलपति द्वारा गठित समिति द्वारा निर्णय लिया लायेगा ।

(स) विशेष परिस्थितियों में कुलपति को प्रवेश के लिए अनुमति प्रदान करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

(द) संस्थागत छात्र को किसी भी ऐसे विषय या प्रश्नपत्र को लेने की अनुमति नही दी जायेगी, जिसकी सम्बन्धित महाविद्यालयों में पढ़ाये जाने की व्यवस्था नही है अथवा जिसकी विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्रदान नहीं की गई है।

9. (अ) प्रवेश हेतु नियमों का पालन किया जाना अनिवार्य होगा। नियमों के पालन में किसी भी समस्या अथवा कठिनाई का अनुभव होने पर प्राचार्य कुलपति को लिखेगें और कुलपति का निर्णय अन्तिम होगा।

(ब) प्राचार्य प्रवेश के इच्छुक सभी अभ्यर्थियों के आवेदन पत्रों पर विचार करके नियमानुसार निर्णय लेगें और किसी भी छात्र के प्रार्थना पत्र को विश्वविद्यालय को अग्रसारित नहीं करेगें।

(स) प्रविष्ट छात्र को कक्षा में उपस्थित रहना अनिवार्य होगा। 15 कार्य दिवस तक निरन्तर अनुपस्थित रहने पर प्राचार्य द्वारा प्रवेश निरस्त किया जा सकेगा। इसका उत्तरदायित्व छात्र का होगा।

(द) अभ्यर्थी का यह दायित्व होगा कि वह महाविद्यालय में अपने प्रवेश के सम्बन्ध में निरन्तर सम्पर्क करता रहे और सूचना वेवसाइट पर सूचनाओं/सूचियों की अद्यतन 'अपटू-डेट' जानकारी रखे, ताकि निर्धारित अवधि के भीतर प्रवेश ले सकें। प्रवेश के इच्छुक प्रत्येक अभ्यर्थी का यह भी दायित्व होगा कि वह ऊपर दिये गये नियमों और विश्वविद्यालय के अन्य सम्बन्धित नियमों को भली-भाँति पढ़ लें। उनका यह भी दायित्व होगा कि वह सुनिश्चित कर लें कि उनका प्रवेश किसी दृष्टिकोण से नियमों के प्रतिकूल तो नहीं हुआ। उसका यह भी दायित्व होगा कि उन्होंने प्रवेश हेतु असत्य अथवा भ्रामक अंक सूची के माध्यम से तो प्रवेश लेने की कोशिश नहीं की है। नियमों के प्रतिकूल किये गये प्रवेश विश्वविद्यालय द्वारा निरस्त किये जाने की दशा में उत्तरदायित्व सर्वथा अभ्यर्थी का ही होगा।

10- आवेदन यदि किसी अल्पसंख्यक, आरक्षित जाति या किसी विशेष आरक्षण का लाभ लेना चाहते हैं तो उनके पास दावा किये गए लाभ का प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है।

